## एक नजर में

### नशे से दूरी है जरूरी अभियान : इटावादी में छात्रों और ग्रामीणों ने ली नशामुक्ति की शपथ

**महेश्वर, निप्र।** थाना प्रभारी जगदीश गोयल के नेतृत्व में, आज महेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम इटावादी स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में एक विशाल नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान, स्कूल के बच्चों, शिक्षकों और ग्रामीणों को नशे के गंभीर दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें नशामुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी जगदीश गोयल और थाना स्टाफ ने नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत उपस्थित सभी लोगों को संबोधित किया। उन्होंने विस्तार से बताया कि कैसे नशा सिर्फ व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, समाज और भविष्य को भी नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है। गोयल ने जोर दिया कि नशे की लत से व्यक्ति का जीवन किस तरह अंधकारमय हो जाता है और यह समाज में अपराधों को भी बढ़ावा देता है। थाना प्रभारी ने उपस्थित जनों से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने परिवारजनों, मित्रों, और समुदाय के अन्य सदस्यों को भी नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने नशामुक्ति को एक सामूहिक जिम्मेदारी बताया, जिसमें हर नागरिक का सहयोग आवश्यक है। इस अवसर पर, सभी उपस्थित नागरिकों और बच्चों को नशामुक्त जीवन जीने की शपथ दिलाई गई। बच्चों में जागरूकता और उत्साह बढ़ाने के लिए, थाना प्रभारी महोदय द्वारा उन्हें टी-शर्ट, टोपी और पेन भी वितरित किए गए। यह देखकर बच्चों में खासा उत्साह दिखा और उन्होंने नशामुक्ति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। महेश्वर पुलिस द्वारा यह जनजागरूकता अभियान लगातार क्षेत्र में चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य समाज में नशे के विरुद्ध एक सकारात्मक माहौल बनाना और युवाओं को इस बुराई से दूर रखना है।

### पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश




**भीकनगांव (नि प्र)।** विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत खुडगाव जनपद पंचायत भीकनगांव जिला खरगोन में सामुदायिक भवन परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया इस पहल में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण जागरूकता बढ़ाना और लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर ग्राम पंचायत उपसरपंच अमित मीणा ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और इनके बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती उन्होंने सभी से अपील की कि वे अपने आसपास के वातावरण को हरा-भरा रखने में योगदान देना चाहिए। इस कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि लवकुश यादव साथ ही ग्रामीण नानूराम मीणा, ओमप्रकाश मालाकार, नरेन्द्र मीणा, राघोराम बागड़ी, सोहन मीणा एवं अन्य ग्रामीणों की विशेष उपस्थिति रही पौधरोपण के दौरान सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

### चित्रकला से की डेंगू मुक्ति की कल्पना




**खरगोन।** डेंगू निरोधक माह के तहत स्वास्थ विभाग द्वारा जागरूकता संबंधित गतिविधियां चलाई जा रही है। डेंगू रोग से बचाव के लिए शासकीय हाईस्कूल लाखी में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें सस्था के 30 बच्चों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने चित्रों के माध्यम से डेंगू मुक्त परिवार, समाज की कल्पना की। चयन समिति ने कुल 3 छात्राओं के चित्रों का चयन किया। जिसमे प्रथम मुस्कान चौहान, द्वितीय तनीषा सेन एवं तृतीय पायल सेन रही। इन्हें नकद राशि सहित प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ब्लॉक मलेरिया अधिकारी अशोक कुशवाह ने बताया कि प्रतियोगिता का मूल उद्देश्य जानलेवा डेंगू रोग से बचाव व मच्छरों की बेतहाशा उत्पत्ति पर रोक एवं आने वाले वर्षों में डेंगू रोग का पूर्ण उन्मूलन करना है।

### मतदाता सूची में गड़बड़ी न हो, अभी से रखें निगरानी : कांग्रेस सचिव दत्त




**खरगोन।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अभी से मतदाता सूची पर फोकस करना होगा क्योंकि, मतदाता सूची में गड़बड़ी कर चुनाव चोरी हो रहे है। देश में, चुनाव आयोग भाजपा की बी टीम बनकर काम कर रहा है। यह हिदायत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं मप्र प्रभारी संजय दत्त ने जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित समन्वय समिति की बैठक में हुए कही। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण महत्वपूर्ण कार्य है, इसे गंभीरता से लिया जाय। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाईक ने कहा कि संगठन सृजन के बाद कांग्रेस का संगठन नये कलेवर में होगा और उसमें कांग्रेस के सक्रिय और मैदानी कार्यकर्ताओं को अवसर मिलेगा। जिला कांग्रेस प्रभारी ठाकुर जयसिंह ने कहा कि आगामी चुनाव की तैयारी में अभी से जुट जाय तथा संगठन की बैठकें लगातार हो। बैठक में सह प्रभारी असलम लाला, डॉ. गोविन्द मुजाल्दे, इंदर बिर्ला, यशवन्त जायसवाल, राजेंद्र मंडलोई आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

### स्टेयरिंग फेल होने से पलटी यात्री बस, टला बड़ा हादसा

**खरगोन।** जिले के गोगावां से पिपलगोन की ओर जा रही यात्री बस में अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जाकर पलट गई। चालक के मुताबिक हादसा उस वक्त हुआ जब चलती बस का स्टेयरिंग अचानक फेल हो गया। हादसे में 8 यात्रियों को हल्की चोंटे आई है, जिन्हें गोगावां अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। हादसा ग्राम हीरापुर के पास सुबह करीब 11 बजे हुआ। मिली जानकारी अनुसार जैन ट्रेवल्स की यात्री बस क्रमांक एमपी 10पी 1644 सड़क हादसे का शिकार हुई है। सुबह का समय होने से बस में स्कूली विद्यार्थियों के साथ ही मजदूरी, नौकरी पर जाने वाले यात्री सवार थे। स्टेयरिंग फेल होते हुए बस लहराने लगी, इसके बाद सड़क किनारे जाकर पलट गई। अस्पताल से मिली जानकारी अनुसार हादसे में घायल रमेश पुनमचंद (50), गायत्री कैलाश (50) और रोहित मुकेश (10) को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। वहीं कलाबाई ईश्वर चंद हीरापुर (50), कंचन बेन भोपा भाई मंडलेश्वर (50), अजब बाई मोहन (49), राम गजराज (31), आदिल विनोद (17) को गोगावां अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर गोगावां थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

# महेश्वर जल विद्युत परियोजना का मामला गरमाया

## 35 वर्षों बाद भी अधूरी पड़ी महेश्वर परियोजना : सचिन यादव ने विधानसभा में उठाए तीखे सवाल

### महेश्वर परियोजना का मुद्दा विधानसभा में गूंजा




राजेश नायर

**खरगोन। विधानसभा सत्र के दौरान महेश्वर जल विद्युत परियोजना का मामला गरमाया, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कसरावद विधायक सचिन यादव ने सरकार को घेरा।**

यादव ने आज बुधवार को मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में महेश्वर जल विद्युत परियोजना के अधूरेपन और उससे जुड़े जनसरोकारों को लेकर सरकार को कठघरे में खड़ा किया। सचिन यादव ने ध्यानाकर्षण याचिका के माध्यम से यह मुद्दा जोरदार तरीके से उठाते हुए बताया कि यह परियोजना 35 वर्ष पूर्व शुरू की गई थी और इसमें जनता की लगभग 3,000 करोड़ रुपये की राशि व्यय हो चुकी है। वर्तमान में इसकी कीमत 9,500 करोड़ रुपये तक पहुँच चुकी है, बावजूद इसके यह परियोजना बंद पड़ी हुई है और इससे जुड़े लगभग 10,000 परिवार व सैकड़ों कर्मचारी आज भी अनिश्चितता में बदहाली का जीवन यापन कर रहे हैं।

विधायक सचिन यादव ने कहा कि यह मामला जनता की गाढ़ी कमाई और उनके जीवन के साथ सीधा अन्याय है। उन्होंने सरकार से इस मुद्दे पर स्पष्ट नीति, समयबद्ध कार्रवाई और प्रभावितों को न्याय देने की मांग की। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस मामले में शीघ्र निर्णय नहीं लिया तो यह मुद्दा जन आंदोलन का रूप ले सकता है।

### प्रमुख बिंदु जो विधायक द्वारा उठाए गए :

1. डूब प्रभावित सैकड़ों गांव आज भी पुनर्वास और मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं।
2. प्रभावितों को आवासीय प्लॉट आवंटित तो किए गए हैं लेकिन आज तक उनकी रजिस्ट्री नहीं हुई है।
3. परियोजना के कर्मचारियों व अधिकारियों को वेतन नहीं मिला, जिससे अधिकांश ने परियोजना स्थल छोड़ दिया है और वह अब लावारिस स्थिति में पड़ा है।
4. सरकार ने परियोजना से जुड़ी संपत्तियों की नीलामी की बात तो कही है लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया कि उस राशि का उपयोग कहां और कैसे होगा।
5. परियोजना को 2020 में बंद घोषित किया गया, लेकिन यह भी स्पष्ट नहीं है कि क्या इसे पुन: प्रारंभ किया जाएगा या नहीं।
6. डूब प्रभावित क्षेत्रों को ग्राम पंचायतों को कब तक हस्तांतरित किया जाएगा और मूलभूत सुविधाएं कब तक पूरी होंगी कृ इन प्रश्नों का भी कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला।
7. विधायक ने सरकार से यह भी पूछा कि इन गांवों के लिए कोई विशेष पैकेज देने की योजना है या नहीं।

# किसानों की मांगों को लेकर कसरावद में पैदल मार्च और आंदोलन

## भारत कृषक समाज ब्लॉक ईकाई कसरावद एवं ब्लॉक किसान कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में



नवभारत न्यूज

**कसरावद, निप्र।** विधानसभा क्षेत्र कसरावद मुख्यालय में आज बुधवार 30 जुलाई 2025 को भारत कृषक समाज ब्लॉक ईकाई कसरावद एवं ब्लॉक किसान कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में किसानों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा खाद की भारी किल्लत और समर्थन मूल्य पर मूँग खरीदी में आ रही समस्याओं को लेकर व्यापक पैदल मार्च एवं आंदोलन किया गया। अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ब्लॉक किसान कांग्रेस ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कसरावद विधायक सचिन यादव के मार्गदर्शन में आज रैली और आंदोलन के माध्यम से किसानों ने जिला प्रशासन से नौ सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

किसानों ने चेताया कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। ज्ञापन की प्रमुख मांगों में डीएपी, यूरिया एवं अन्य उर्वरकों की भारी कमी को तत्काल दूर किया जाए ताकि किसानों की फसलें प्रभावित न हों। सहकारी समितियों में पर्याप्त खाद का भंडारण किया जाए एवं किसानों को लम्बी कतारों से निजात दिलाते हुए उनकी मांग के अनुसार खाद उपलब्ध कराया जाए। निजी विक्रेताओं द्वारा की जा रही कालाबाजारी पर सख्त कार्यवाही की जाए, जो खाद को ऊंचे दामों पर बेचकर किसानों का शोषण कर रहे हैं। फसल की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने से पहले समुचित मात्रा में खाद की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। समर्थन मूल्य पर मूँग की खरीदी में हो रहे विलम्ब को रोका जाए और प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सरल बनाया जाए। किसानों से मूँग खरीदी में किए जा रहे बहानों (जैसे नमी, रंग, दाग आदि) को बंद किया जाए और सभी किसानों की मूँग को समर्थन मूल्य पर खरीदा जाए। मूँग की खरीदी के पश्चात भुगतान में हो रही देरी को समाप्त कर, तय समय-सीमा में किसानों के खातों में राशि अंतरित की जाए। खरीदी केन्द्रों पर पर्याप्त तोल, परिवहन एवं भण्डारण व्यवस्था की जाए ताकि किसी भी किसान को मूँग लेकर लौटना न पड़े।

### नौ सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस आंदोलन में सैकड़ों की संख्या में किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए, जिन्होंने अपनी समस्याओं और पीड़ा को शांतिपूर्ण तरीके से प्रशासन के समक्ष रखा। किसान नेताओं ने बताया कि अगर खाद और मूँग खरीदी की समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो यह आंदोलन जिले और प्रदेश स्तर पर विस्तारित किया जाएगा।



### बैंक एवं नगर परिषद अधिकारियों की ली बैठक

नवभारत न्यूज

**मंडलेश्वर, निप्र।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार दिनांक 13 सितम्बर, 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मण्डलेश्वर के मार्गदर्शन मे दिनांक 30 जुलाई, 2025 को ए.डी.आर. सेंटर जिला न्यायालय परिसर, मण्डलेश्वर में बैंक एवं नगर परिषद के अधिकारियों से प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के सबंध मे चर्चा की गई।सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मण्डलेश्वर सुश्री प्रीति जैन ने बैठक में उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों से नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरण निराकरण करने एवं समय सीमा में पक्षकारों को नोटिस तामिली कर उनके प्रकरणों में मिलने वाली छूटों की जानकारी पक्षकारों को अवगत कराने की बात कही एवं बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु प्रयास किये जाने का आश्वास दिया उक्त बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय रावल, यूनियन बैंक के अधिकारी गौरव देवागंन, एसबीआई बैंक के अधिकारी अर्जुन सोलंकी, बैंक आफ इंडिया, के अधिकारी हरिओम बिरला, म.प्र. झाबुआ ग्रामीण बैंक के अधिकारी लखन मुकाती एवं विद्युत विभाग से गणेश बिढारे उपस्थित रहे।



### क्रमोन्नति की मांग सहित अन्य समस्याओं को लेकर राज्य शिक्षक संघ ने ज्ञापन सौंपा

नवभारत न्यूज

**बिस्टान निप्र।** जिले में कार्यरत शिक्षक संवर्ग की समस्याओं का निराकरण को लेकर राज्य शिक्षक संघ द्वारा सहायक संचालक श्रीमती कविता आर्य को ज्ञापन सौंपा गया।

राज्य शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रभुराम मालवीया, जिला अध्यक्ष अमित शर्मा, अर्चना गुप्ता, बीर डी इंगले, संतोष जायसवाल, कृष्णराज राठौर की उपस्थिति में दिए गए ज्ञापन में बताया कि जुलाई 2013 में नियुक्त प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक जिनकी सेवा अवधि के 12 वर्ष पूर्ण हो गई है, उन्हें क्रमोन्नति का लाभ देने के आदेश जारी किए जाए।2022 में नियुक्त प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक जिनकी परिवीक्षा अवधि पूर्ण हो गई उन्हें नियमित करने के आदेश जारी किए जाए।

ज्ञापन में बताया कि विकासखंड सेगांव में 24 वर्ष की क्रमोन्नति प्राप्त शिक्षकों को क्रमोन्नति की फाइल पारित होने के बाद भी आज दिनांक तक कुछ शिक्षको को एरियर आज तक नहीं मिला है। झिरन्या ब्लाक के ललित वर्मा उच्च श्रेणी शिक्षक, हाई स्कूल राजपुरा, 24 वर्ष क्रमोन्नति एवं श्रीमती मंगला डावर सहायक शिक्षक कन्या मावि झिरनिया 30 वर्ष क्रमोन्नति का लाभ नहीं मिला। गोगावा ब्लॉक में पदस्थ उच्च माध्यमिक शिक्षक रूपेंद्र कछवाए को अभी तक छठे एवं सातवें वेतनमान के एरियर का लाभ नहीं दिया गया है ।इस अवसर पर मनीष पाटीदार शैलेंद्र वर्मा आशीष तिवारी ,प्रेम आर्य, शीला रोखड़े, मिथिलेश राठौर, राधा भालसे, प्रमिला भावसार, रीना पाटीदार, दीप माला कायरें, गोपाल पाटील, दीपक प्रजापत, बलराम मीणा, जितेंद्र मंडलोई, रामेश्वर पाटीदार, महेंद्र पाटीदार आदि थे।

# माहिष्मती कावड़ यात्रा आस्था और भक्ति के साथ संपन्न

## बोल बम के जयघोष से गूंजी नर्मदा नगरी, विधायक मेव ने जताया आभार



नवभारत न्यूज

**महेश्वर, निप्र। महेश्वर से ओंकारेश्वर तक निकाली गई ऐतिहासिक माहिष्मती कावड़ यात्रा, जो 26 जुलाई को प्रारंभ हुई थी, 28 जुलाई को आस्था और उत्साह के साथ संपन्न हो गई। इस तीन दिवसीय धार्मिक यात्रा में महेश्वर विधानसभा क्षेत्र के हजारों शिवभक्तों ने हिस्सा लिया, जिन्होंने बोल बम के जयघोष से नर्मदा नदी के किनारे बसी देवी अहिल्या माँ और बाबा भोलेनाथ की नगरी ओंकारेश्वर को भक्तिमय बना दिया।**

जनसैलाब ने किया स्वागत, विधायक मेव ने किया जलाभिषेक

यात्रा के दौरान, कावड़ यात्रियों का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया, जिससे उनका उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया। 28 जुलाई को ओंकारेश्वर पहुंचने पर, स्वयं विधायक राजकुमार मेव ने अपने दोनों पुत्रों, युवराज मेव और यशराज मेव, तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ बाबा ओंकारेश्वर और ममलेश्वर का जलाभिषेक किया और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस पूरी यात्रा में, विधायक मेव के साथ उनकी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात अंग रक्षक और सुरक्षा अधिकारी भी महेश्वर से ओंकारेश्वर तक पूरे समय पैदल चलकर उनके साथ रहे, जो उनकी सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे थे।

पत्रकारों से बातचीत में विधायक राजकुमार मेव ने अपनी अटूट आस्था व्यक्त करते हुए कहा, जो बाबा पर विश्वास रखते हैं, उनकी बाबा हमेशा सुनते हैं। बाबा भोलेनाथ पर आस्था रखें, सारे बिगड़े कार्य वही पूर्ण करेंगे। उन्होंने धर्म के प्रति लोगों को जागरूक करने की महत्ता पर जोर दिया और बताया कि इस कावड़ यात्रा में विधानसभा के हजारों कावड़ यात्री शामिल हुए। यात्रा के दौरान, बड़वाह विधायक सचिन बिर्ला, बड़वाह नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता , मान्धाता विधायक नारायण पटेल और भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं ने भी विभिन्न स्थानों पर कावड़ यात्रियों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

विधायक मेव ने भोलेनाथ की महिमा का बखान करते हुए कहा, बाबा के दरबार में, उनके चरणों में जिसने भोले को पकड़ लिया, उसके जीवन में कोई कमी नहीं रहती है, सब काम बन जाते हैं। उन्होंने अपनी व्यक्तिगत श्रद्धा साझा करते हुए यह भी कहा कि वह चाहते हैं कि जिस श्रद्धा से उन्हें बाबा का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है, वह सभी शिव भक्तों को मिले।

यात्रा का अद्भुत संयोग: भोलेनाथ ने पूरी की किसानों की मनोकामना

विधायक ने यात्रा से जुड़ा एक अद्भुत और सुखद संयोग भी साझा किया। उन्होंने बताया कि जैसे ही उनकी यात्रा प्रारंभ हुई और टाटमंबरी सरकार ने कावड़ रखी, बारिश शुरू हो गई और तब से लगातार वर्षा हो रही है। उन्होंने इसे भोलेनाथ का किसानों के प्रति आशीर्वाद बताते हुए कहा कि किसानों को जिसकी सबसे ज्यादा आवश्यकता थी, भोलेनाथ ने उनकी मनोकामना पूरी की और वर्षा कर दी।

### विशाल जनभागीदारी और आभार व्यक्त

यात्रा संपन्न होने के बाद, यात्रा संयोजक विधायक राजकुमार मेव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा, मन समर्पित, तन समर्पित और यह जीवन समर्पित, चाहता हूं मातृ-भू तुझको, अभी कुछ और भी दूं! उन्होंने पूज्य संतजनों, आदरणीय अतिथियों, सभी कावड़िया माता-बहनों, बंधुओं, युवाओं, नि:स्वार्थ सेवा-सहयोग देने वाले सभी कर्मठ प्रभारियों, कार्यकर्ताओं, जागरूक पत्रकार बंधुओं, जनसेवा हेतु सेवारत पुलिस और प्रशासनिक विभाग तथा प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से आशीर्वाद बरसाने वाले सभी आत्मीय अपनों का हृदय से बारम्बार वंदन-अभिनंदन-आभार व्यक्त किया।

महिष्मती बोल बम कावड़ यात्रा संघ महेश्वर ने सत्य मेव जयते के उद्घोष के साथ इस सफल आयोजन पर संतोष व्यक्त किया। यह यात्रा महेश्वर विधानसभा क्षेत्र में धार्मिक सौहार्द, अटूट आस्था और सामूहिक भक्ति का एक अद्भुत उदाहरण बन गई है।

**एक नजर में** — सभी ने कुशवाह को पुष्पवर्षा, शॉल श्रीफल,अंग वस्त्र और फूलमालाओं से सम्मानित किया

# जनशिक्षक कुशवाह की सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई एवं भव्य सम्मान समारोह




नवभारत न्यूज

**कसरावद, निप्र।** 30 जुलाई ङ्क शिक्षा विभाग में 43 वर्षों तक अपनी सेवाएं देने वाले वरिष्ठ जनशिक्षक श्री प्रवीण कुशवाह की सेवा निवृत्ति पर बुधवार को एक विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग स्टाफ, अधिकारीगण, अभिभावक एवं क्षेत्रवासियों ने मिलकर कुशवाह को सम्मानपूर्वक विदा किया।

कार्यक्रम की शुरुआत कसरावद बीआरसी कार्यालय से सम्मान यात्रा के रूप में हुई, जो लगभग 9 किलोमीटर की दूरी तय कर माकड़खेड़ा में समापन पर पहुँची। यहाँ एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षकीय एवं गैर-शिक्षकीय स्टाफ उपस्थित रहा।

सभी ने कुशवाह जी को पुष्पवर्षा, शाल-श्रीफल, अंगवस्त्र और फूलमालाओं से सम्मानित किया। इस अवसर पर मंच का संचालन संजय शर्मा एवं जनशिक्षक श्री रूपेश कानूनगो ने किया और कहा, शिक्षक का रिटायरमेंट केवल ड्यूटी का अंत है, परंतु उनके योगदान और संबंधों की यात्रा जीवन भर चलती रहती है।

कार्यक्रम में प्रभारी प्रधानपाठक श्री संजय पटेल ने भावुक होते हुए बताया कि वर्ष 1990-92 के दौरान जब वे कसरावद के प्राथमिक विद्यालय में पढ़ते थे, तब कुशवाह सर को सभी विद्यार्थी 'हीरो सर' कहकर पुकारते थे। उनका व्यवहार, बच्चों से आत्मीय संबंध और समस्याओं का समाधान करने की शैली उन्हें विद्यार्थियों का नायक बनाती थी।

शिक्षक, समाजसेवी और सांस्कृतिक आयोजक बीएसी श्री अजय कर्मा ने बताया कि शिक्षक के अलावा प्रवीण कुशवाह राजनीति, समाजसेवा, धर्म, संस्कृति आदि क्षेत्रों में भी सक्रिय रहे हैं। वे तीन जिलों (खरगोन, धार, बड़वानी) में समाज के जिलाध्यक्ष रहे, साथ ही म.प्र. कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव और शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष जैसे पदों पर भी कार्यरत रहे। उन्होंने क्रिकेट टूर्नामेंट, रामलीला, भागवत कथा, कवि सम्मेलन, गम्मत, गरबा, कलगी-तुर्रा जैसे कार्यक्रमों का भी लगातार आयोजन किया और क्षेत्र की सांस्कृतिक समृद्धि में योगदान दिया।

### 'शिक्षक समाज का शिल्पकार होता है'

बीआरसी राजाराम कांदोड़े ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि शिक्षक केवल विद्यालय तक सीमित नहीं होता, बल्कि उसका जीवन समाज को दिशा देने का माध्यम बनता है। उन्होंने प्रवीण कुशवाह को भावभीनी शुभकामनाएं दी और कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता। सेवा काल के बाद उसका अनुभव समाज को नई रोशनी देता है।